# श्याम मेरा आयेगा नैया पार लगाएगा लिरिक्स

श्याम मेरा आयेगा,

दोहा – बेसहारों का सहारा,
बाबा तेरा दरबार है,
तेरे इस लाडले को सावरिया,
तेरा इंतजार है।

---

श्याम मेरा आयेगा,
श्याम मेरा आएगा,
नैन मेरे बावरे तेरी राह तके,
लब मेरे सांवरिया तेरा नाम जपे,
हंसता है अब मुझपे,
बाबा सारा संसार,
आयेगा खाटू वाला,
मेरी सुनके करुण पुकार।bd।

---

खाटू के राजा जल्दी से आजा,
अब न देर लगाना तुम,
तड़प रहा हु दरस को तेरे,
आके दरस दिखाना तुम,
जब तक तन में प्राण हैं,
छूटे न तेरी आस,
माझी मेरा बन जायेगा,
हैं मुझको विश्वास,
तेरे भरोसे छोड़ी,
अपनी जीवन की पतवार,
मेरी जीवन नैया बाबा,
श्याम मेरा आएगा,
नैया पार लगाएगा।bd।

---

एक दास था बाबा जिसका,
छोटा सा संसार था,
कीर्तन भजन से बाबा उसका,
चल जाता परिवार था,
एक दिन संकट ऐसा आया,
टूटा उसका हाथ,
[illegible] उसे बहुत सताया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

छोड़ गए वो साथ,
एक दिन आया ऐसा उसका,
बिखर गया परिवार,
सहता वो सबके ताने फिर,
दुनियां से गया वो हर,
श्याम मेरा आएगा,
नैया पार लगाएगा।bd।

---

सावरिया ने करी नज़र,
खाटू में उसे बुला लिया,
हार गया था जग से जो,
सावरिया ने अपना लिया,
रिंगस से लेकर आऊंगा,
बाबा में तेरा निशान,
अब कहता हूँ श्याम मेरा,
बस है मेरी पहचान,
दे दिया तुमने मुझे,
खुशियों का संसार,
'राजा' करता जाए,
खाटू वाले की जय जयकार,
श्याम मेरा आया हैं,
मुझे भव से पार लगाया है।bd।

---

करो पुकार दिल से तो,
ये आ जाता है,
दूर नहीं बच्चों से,
ये रह पाता है,
अपने बच्चों की बाबा,
सुन लेता करुण पुकार,
ग्यारस पे आता है,
बाबा होके नीले सवार,
श्याम मेरा आया है,
मुझे भव से पार लगाया है।bd।

**Singer – D.K. Raja**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com